भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2718**
**16.12.2025 को उत्तर के लिए नियत**

## इलैक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का कर राजस्व पर प्रभाव

2718. **श्रीमती रचना बनर्जी:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की लागत समान आईसीई वाहनों की तुलना में अधिक है;
(ख) ईवी को अपनाये जाने के विभिन्न स्तरों पर (वाहन बिक्री में हिस्सेदारी 10%, 30% और 50% होने पर) देश को कच्चे तेल के आयात तथा विदेशी मुद्रा भंडार पर होने वाली वार्षिक अनुमानित बचत कितनी है; और
(ग) जीवाश्म ईंधन की बिक्री में कमी (यानी पेट्रोल/डीजल पर केंद्र उत्पाद शुल्क तथा राज्य वैट) से होने वाले कर राजस्व के अपेक्षित नुकसान की भरपाई करने के लिए सरकार की क्या योजना है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क) : ईवी और आईसीई वाहनों की समतुल्य लागत की तुलना करते समय स्वामित्व की कुल लागत (अर्थात् प्रारंभिक लागत तथा परिचालन लागत) प्रासंगिक होती है। वर्तमान में इलेक्ट्रिक वाहनों की प्रारंभिक लागत समकक्ष आईसीई वाहनों की तुलना में अधिक है।

(ख) एवं (ग) : इस प्रकार का कोई अध्ययन/मूल्यांकन भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा नहीं किया गया है।

*****